# सांचा तेरा नाम है | By Praveen Bedi |

सांचा तेरा नाम है
सांचा तेरा धाम
चरणों में हे पहाड़ी माता
बारम्बार प्रणाम

बिन तेरे मां कम कोई
हो नहीं सकता
मां तेरा सेवक कभी भी
रो नहीं सकता
सांची है सकलै मां
सांचा तेरा काम
चरणों में हे पहाड़ी माता
बारम्बार प्रणाम

सांचा तेरा नाम है
सांचा तेरा धाम
चरणों में हे पहाड़ी माता
बारम्बार प्रणाम

आज पहली बार मैं
दरबार आया हूं
देख ले दुखड़ों से मइया
हार आया हूं
मुझको भी दे दे ज़रा
आंचल की तू छांव
चरणों में हे पहाड़ी माता
बारम्बार प्रणाम

सांचा तेरा नाम है
सांचा तेरा धाम
चरणों में हे पहाड़ी माता
बारम्बार प्रणाम

हर्ष ने दर पे तेरे
अरज़ी गुज़ारी है
थाम ले या छोड़ दे
मरज़ी तुम्हारी है
तोड़ के मैं तो आ गया
रिश्ते आज तमाम
चरणों में हे पहाड़ी माता
बारम्बार प्रणाम

सांचा तेरा नाम है
सांचा तेरा धाम
चरणों में हे पहाड़ी माता
बारम्बार प्रणाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%9a%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-praveen-bedi/